देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 74 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...किनारे पड़ा मित्रों




# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 16 जून 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 41.0° न्यूनतम 26.0°

33228.80

2 चीन बढ़ा रहा परमाणु हथियारों का जखीरा

7 7 मिनट में बना था इंडिया का कोच

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में फिर आए 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सोमवार को 12 बजकर 57 मिनट पर महसूस किए गए भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 रही। इन झटकों का केंद्र राजकोट से 83 किलोमीटर उत्तर–पश्चिम की तरफ रहा। नैशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक रविवार की रात में भी गुजरात में भूकंप का झटका रात करीब 8: 13 पर आया था। इसका केंद्र कच्छ जिले में भचाऊ के पास था। भूकंप का झटका कच्छ, राजकोट, अहमदाबाद और पाटन जैसे शहरों में महसूस किया गया, जहां ज्यादातर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

### तमिलनाडु के चार जिलों में 19 से 30 जून तक लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। कोरोना के मामले चेन्नै समेत तमिलनाडु के कई शहरों में बेकाबू हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने चार जिलों में 19 जून से 30 जून तक लॉकडाउन लागू करने का फैसला किया है। ये चार जिले चेन्नै, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरवल्लूर हैं। ये सभी जिले मेट्रोपोलिटिन चेन्नै पुलिस के क्षेत्र में आते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई के पलनिसामी ने 19 जून से 30 जून के बीच लगने वाले इस लॉकडाउन को मैक्सिमाइज रेस्ट्रिक्टेड लॉकडाउन नाम दिया है।

### कोरोना केस 3 लाख 32 हजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनियाभर में अब भी कोरोना वायरस के केसों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। बीते 24 घंटे में भारत में कोरोना के 11,502 नए मामले सामने आए हैं और 325 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि हमारा रिकवरी रेट काफी बढ़िया चल रहा है। भारत में कोरोना के अबतक 3,32,422 मामले सामने आए हैं।

# भारतीय अधिकारियों को पाक ने किया एरेस्ट

## भारतीय उच्चायोग के दो अधिकारियों को रोड एक्सीडेंट के मामले में किया गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पूरी दुनिया जहां कोरोना वायरस के खिलाफ जंग लड़ रही है, वहीं हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान भारत के खिलाफ अलग ही साजिश रच रहा है। भारत में आतंकी मंसूबों के नाकाम होने से बौखलाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई इस्लामाबाद में तैनात भारतीय राजनयिकों को परेशान कर रही है। रविवार सुबह इस्लामाबाद में तैनात दो भारतीय राजनयिकों के अपहरण की खबर के बाद अब पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया है कि इनको इस्लामाबाद पुलिस ने हिट एंड रन मामले में गिरफ्तार किया है।

**एक्सीडेंट मामले में राजनयिकों की गिरफ्तारी का दावा:** जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दूतावास के पास की सड़क पर भारतीय राजनयिकों की बीएमडब्लू कार से एक पाकिस्तानी नागरिक का एक्सीडेंट हुआ था लेकिन उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की। जिसके बाद इस्लामाबाद पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय नियम–कानूनों को ताक पर रखते हुए भारतीय राजनयिकों को कथित तौर पर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि डिप्लोमेटिक कानूनों के अनुसार कोई भी देश किसी दूसरे देश के राजनयिक को गिरफ्तार नहीं कर सकती।

**राजनयिकों को लेकर हैं ये नियम:** इस संधि के तहत मेजबान देश अपने यहां रहने वाले दूसरे देशों के राजनयिकों को विशेष दर्जा देता है। कोई भी देश दूसरे देश के राजनयिकों को किसी भी कानूनी मामले में गिरफ्तार नहीं कर सकता है। न ही उन्हें किसी तरह की हिरासत में रखा जा सकता है। वहीं, राजनयिक के ऊपर मेजबान देश में किसी तरह का कस्टम टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। इस संधि के आर्टिकल 36 के अनुसार अगर कोई देश किसी विदेशी नागरिक को गिरफ्तार करता है, तो संबंधित देश के दूतावास को तुरंत इसकी जानकारी देनी होगी।



### भारतीय अधिकारियों को फसाने की फिराक में आईएसआई

सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है कि ये दोनों अधिकारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हैं और सुबह करीब 8.30 बजे ड्राइवर ड्यूटी पर बाहर गए थे। बताया जा रहा है कि भारत ने अधिकारियों के लापता होने के मुद्दे को पाकिस्तान सरकार से उठाया था। इन अधिकारियों की तलाश की जा रही थी। जबकि नियम यह है कि गिरफ्तारी संबंधी किसी भी मामले में सबसे पहले संबंधित दूतावास को बताना जरुरी होता है।

### पाक से बोला भारत, जल्द उच्चायोग पहुंचाएं कर्मी

नई दिल्ली। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के दो अधिकारियों के लापता होने के मामले में भारत ने आज पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया और उन्हें इस बारे में एक डिमार्च सौंपा गया। इसमें साफ कहा गया है कि भारतीय अधिकारियों के साथ कोई पूछताछ नहीं होनी चाहिए और इनका उनका किसी तरह का उत्पीडन नहीं होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक भारत ने कड़े शब्दों में कहा है कि संबंधित भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पाकिस्तान सरकार की है। डिमार्च में कहा गया है कि पाकिस्तान को दोनों अधिकारियों और उनकी आधिकारिक कार तुरंत भारतीय उच्चायोग को लौटानी चाहिए।

# पंचतत्व में विलीन हुए सुशांत सिंह राजपूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■पिता और परिजन मिडिया से बात करेंगे

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो चुका है और अब यह सितारा हमसे बहुत दूर जा चुका है। उन्हें अंतिम विदाई देते हुए उनके पिताजी और बहनें फफक कर रो पड़ीं। उन्हें आखिरी विदाई देने के लिए उनके परिवार के साथ–साथ बॉलिवुड के कुछ सिलेब्रिटीज भी वहां मौजूद थे, जिसमें रिया चक्रवर्ती, श्रद्धा कपूर, कृति सैनन, विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे शामिल थे। विले पार्ले के सेवा समाज श्मशान घाट पर उन्हें अंतिम विदाई दी गई है। उनके अंतिम विदाई के दौरान बारिश भी तेज हो गई मानो प्रकृति भी अपना आंसू बहा रही हो। चारों तरफ काले घने बादल और वहां आसपास फैन्स भीड़ भी खूब उमड़ी नजर आई। बारिश के कारण श्मशान के बाहर सड़क पर काफी जाम लग चुका था। तेज बारिश की वजह से पुलिस छाता लेकर मौके पर तैनात हैं और वहां पहले से मौजूद दो गाड़ियों के अलावा पुलिस की दो और गाड़ियां आ गईं। अपने इस चहेते कलाकार को अंतिम विदाई देने के लिए टीवी इंडस्ट्री के कई कलाकार भी श्मशान पहुंचे। अर्जुन बिजलानी भी श्मशान के भीतर मौजूद थे। बताया गया था कि अंतिम संस्कार के बाद सुशांत के पिता और परिजन मीडिया से बात करेंगे।

### लद्दाख पर भारत–चीन के बीच फिर बातचीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व लद्दाख में भारत–चीन के बीच सीमा पर तनाव को सुलझाने के लिए आज एक और मीटिंग हो रही है। दोनों देशों के बीच ब्रिगेडियर और कर्नल लेवल की यह बातचीत दो पॉइंट्स पर तनाव को कम करने पर फोकस्ड रहेगी। इसमें गलवान नदी और गर्म झरनों वाले इलाके शामिल हैं। इन दोनों जगहों पर भारत–चीन की सेनाओं के बीच तनाव अब भी बना हुआ है। कई दौर की बातचीत के बाद, एलएसी पर अन्य जगहों से दोनों देशों की सेनाएं सीमित रूप से पीछे हटी हैं।

गलवान घाटी में घुसपैठ को खत्म करने के लिए कई स्तर पर बातचीत चल रही है। पीएलए को वापस जाना ही होगा क्योंकि भारत उसकी मौजूदगी को दारबुक श्योक–दौलत बेग ओल्डी रोड के लिए खतरे की तरह देख रहा है। यह रोड काराकोरम पास के नजदीक तैनात जवानों तक सप्लाई पहुंचाने के लिए बेहद अहम है।

# भारत–नेपाल का रिश्ता रोटी–बेटी का: रक्षामंत्री

## नेपाल को गलतफहमी, बातचीत के जरिए सुलझाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नेपाल के साथ ताजा सीमा विवाद पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बातचीत की वकालत की है। सिंह ने सोमवार को कहा कि नेपाल को कुछ गलतफहमी है जिसे बातचीत से सुलझाया जाएगा। वह उत्तराखंड के बीजेपी कार्यकर्ताओं को जन सम्वाद कार्यक्रम के तहत संबोधित कर रहे थे, जब उन्होंने नेपाल का मुद्दा उठाया। उत्तराखंड से लगती सीमा पर हो रही भी नेपाल ने तनाव पैदा कर दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत–नेपाल के बीच असाधारण संबंध हैं, हमारे बीच रोटी–बेटी का रिश्ता है और दुनिया की कोई ताकत इसे तोड़ नहीं सकती।

**लिंक रोड से नेपाल में पैदा हुई गलतफहमी:** सिंह ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत में कहा, पहले मानसरोवर जाने वाले यात्री सिक्किम के नाथुला का रूट लेकर जाते थे, जिससे अधिक समय लगता था। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन ने लिपुलेख तक एक लिंक रोड का निर्माण किया, जिससे मानसरोवर जाने के लिए एक नया रास्ता खुल गया। हमारे पड़ोसी देश नेपाल में इस सड़क को लेकर कुछ गलतफहमियां पैदा हुई हैं। जिसे हम बातचीत के जरिए सुलझाएंगे। लिपुलेख में बनाई गई सड़क एकदम भारतीय सीमा के भीतर है।

**नेपाल–भारत की दोस्ती पर जोर:** राजनाथ ने कहा, नेपाल के साथ हमारे केवल सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक रिश्ते भी हैं। भारत–नेपाल का रिश्ता रोटी–बेटी का है। दुनिया की कोई भी ताकत इस रिश्ते को तोड़ नहीं सकती। हमारे यहां गोरखा रेजिमेंट ने समय समय पर अपने शौर्य का परिचय दिया है।

### मिल–बैठकर निकालेंगे विवाद का हल

सिंह ने नेपाल के नागरिकों को विश्वास दिलाते हुए कहा, मैं विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि भारतीयों के मन में कभी भी नेपाल को लेकर किसी भी प्रकार की कटुता पैदा हो ही नहीं सकती है। इतना गहरा संबंध हमारे साथ नेपाल का है। हम मिल बैठकर इन सब समस्याओं का समाधान करेंगे।

# जनता में विश्वास बढ़ाने को एकजुट हों

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### शाह ने दिल्ली के हालातों पर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना वायरस का संक्रमण काफी तेजी से फैल रहा है। इसकी रोकथान के लिए न केवल दिल्ली सरकार बल्कि केंद्र सरकार भी हरसंभव प्रयास में जुट गई है। इस बाबत सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक के बाद अमित शाह ने ट्वीट कर कहा है कि इस समय सभी दल राजनीतिक द्वेष भुलाकार पीएम मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के हितों के लिए काम करें। सभी दलों की एकजुटता से जनता में विश्वास बढ़ेगा और कोरोना के विरुद्ध लड़ाई को बल मिलेगा।

इस मीटिंग में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी, बीजेपी, कांग्रेस और बसपा के प्रदेशस्तरीय नेता मौजूद रहे। शाह ने सभी दलों के नेताओं को दिल्ली में कोरोना को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी। इसके अलावा उनसे इस लड़ाई को और बेहतर ढंग से सुझाव भी लिए गए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in